hariBhumi

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

9 सरकारी नौकरी में चयनित युवा किए सम्मानित



10 तोशाम बिजली घर के प्रांगण में किया विरोध प्रदर्शन




पूर्णतया स्वचालित रोबोटिक पद्धति द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण
न्यूनतम चीरा
तेजी से रिकवरी
बेहतर सफलता दर
कम दवा का सेवन
उच्च सटीकता
डॉ प्रसून कामरा
MBBS, MS Orthopaedics
M.Ch. (USAIM)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सबसे अधिक जोड़ प्रत्यारोपण का अनुभव
TPA, INSURANCE
कार्ड धारकों के लिए कैशलैस सुविधा।
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
सर्वेश हेल्थ सिटी में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए
हृदय रोगियों में छल्ले डालना (स्टेंट), बाईपास सर्जरी व जोड़ प्रत्यारोपण और किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस की कैशलैस सुविधा उपलब्ध
हृदय रोग विशेषज्ञों की अनुभवी टीम
डॉ अभिषेक गुप्ता
MBBS, MD, DM (Cardiology)
हृदय रोग विशेषज्ञ
3000 से अधिक (Procedures)
डॉ कपिल मिनोचा
MBBS, MS, MCH (CTVS)
कार्डियोथोरेसिक व वैसकुलर सर्जन
2000 से अधिक सफल ऑप्रेशन का अनुभव
डॉ दीपशिखा मेनन
MD, FNB,
(Cardiac Anaesthesia) FIACTA
कार्डियक एनेस्थिसिया विशेषज्ञा
सर्वेश हेल्थ सिटी
कारुण्येन सह विरोपय
सर्वेश हेल्थ सिटी, सेक्टर-14,
सिविल अस्पताल के सामने, हिसार-125001
हेल्पलाइन नंबर: 6901 62 62 62
एमरजेंसी : 6901 63 63 63


## खबर संक्षेप

### पवन आर्य को पुनः मिली प्रधान की जिम्मेदारी

**लोहारू।** लोहारू आर्य समाज के प्रधान पद सहित अन्य पदों के लिए त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गए। बैठक में सर्व सम्मति से पवन आर्य को पुनः प्रधान चुन लिया गया तथा पूर्व कार्यकारिणी पर ही बैठक में सहमति जताई गई। बैठक में धनपत ठेकेदार ने प्रधान पद के लिए पवन आर्य के नाम का प्रस्ताव रखा। बाद में सर्व सम्मति से पवन आर्य को प्रधान, छतर सिंह शेखावत को संरक्षक,डॉ. ब्रह्मदेव को मंत्री, हवासिंह आर्य को कोषाध्यक्ष, बलदेव आर्य को लेखा निरीक्षक चुन लिया।

### 21 तक सैन्य अस्पताल हिसार में करें रिपोर्ट

**चरखी दादरी।** सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल आनंद सकले ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती कार्यालय द्वारा राव तुला राम स्टेडियम, रेवाड़ी (हरियाणा) में 4 दिसंबर से 16 दिसंबर 2023 तक आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले जिन उम्मीदवारों को मेडिकल के दौरान सैन्य अस्पताल हिसार के लिए रेफर किया गया है, वे मेडिकल रिव्यू के लिए गुरुवार 21 दिसंबर 2023 तक सैन्य अस्पताल हिसार में रिपोर्ट करे।

### 31 तक प्रॉपर्टी सत्यापित करने पर मिलेगी छूट

**चरखी दादरी।** नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक नगर परिषद कार्यालय हेल्प डेस्क पर या स्वयं अपनी संपत्ति को सत्यापित करवाता है तो सरकार की ओर से उन सभी प्रॉपर्टी धारकों को वर्ष 2023-24 के टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। 31 दिसंबर तक प्रॉपर्टी धारक इस योजना का लाभ ले सकते हैं। यह जानकारी डीएमसी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह ने दी।

### हज यात्रा-2024 के लिए 20 तक आवेदन करें

**चरखी दादरी।** अखिल भारतीय हज कमेटी ने वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश से हज जाने के इच्छुक हज यात्रियों के पंजीकरण के लिए हरियाणा राज्य हज कमेटी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। हज यात्रा करने के इच्छुक यात्री 20 दिसंबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि भारतीय हज कमेटी मुम्बई ने वर्ष-2024 में हज यात्रा करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

# एक दिन छोड़कर पहुंच रही है घरों में पानी की सप्लाई

## नहरी पानी कम मिलने से जुई फीडर को किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सुंदर ग्रुप की नहरों को पानी मिलने के बाद भी भिवानी वासी प्यासे है। चूंकि मांग के अनुरूप पानी न मिलने की वजह से सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी व मिताथल फीडर में पानी चलाया जा रहा है। इन दोनों नहरों में मांग से आधा पानी पहुंच रहा है। वहीं पानी की कमी के चलते जुई फीडर को बंद किया गया है। जिसकी वजह से शहर के जलघरों में नहरी पानी नहीं पहुंचा है। जलघरों का पानी खत्म होने की वजह से अब शहर के लोगों को एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है।

पुराने जलघर का पानी खत्म होने के चलते टयूबवैल व डॉबर स्थित जलघर का पानी मिलाकर लोगों का हलक तर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जुई फीडर में 20 दिसम्बर को पानी मिलने की संभावना है। चूंकि अभी तक मूनक व मोहला हैड से सुंदर ग्रुप की नहरों को पूरा पानी नहीं मिला है। पूरा पानी मिलने के बाद ही सुंदर ग्रुप की तीनों नहरों को चलाया जा सकता है।

अभी दो दिनों तक शहर के लोगों को पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग ने नहरों के लिए साढे 22 सौ क्यूसेक पानी की मांग भेजी थी,लेकिन यमुना में पानी कम होने तथा सतलूज का पानी कम मिलने की वजह से सुंदर ग्रुप की नहरों को मात्र नौ सौ क्यूसेक पानी ही मिल पाया है। जिसके चलते सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी व मिताथल फीडर में पानी छोड़कर इन पर पड़ने वाले जलघरों के टैंकों को भरा जा रहा है। ताकि इनके इलाकों में पीने के पानी का संकट न बन पाए।



भिवानी। पुराने जलघर के टैंकों में जमी गाद का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### पानी के समय में भी कटौती जारी

जलघरों में पानी कम बचने की वजह से शहर की अंदरूनी व बाहरी कॉलोनियों में एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है। पुराने जलघर से जिन इलाकों में पानी की सप्लाई दी जाती है। वहां पर विकट स्थिति है। क्योंकि पुराने जलघर में पानी न होने की वजह से टयूबवेल या फिर डॉबर स्थित जलघर के पानी को मिलाकर लोगों के घरों तक पहुंचाया जा रहा है। हालांकि डॉबर कॉलोनी स्थित जलघर से जो इलाके जुड़े है। वहां पर एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई तो दी जा रही है, लेकिन वहां पर पानी के समय में कोई कटौती नहीं है, लेकिन पुराने जलघर में तीसरे दिन पानी के सप्लाई के साथ.साथ पानी के समय में भी कटौती जारी है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पुराने जलघर में पानी खत्म होने के बाद अब केवल गाद ही नजर आ रही है।

### 20 को लोहारू में भी बंद रहेगी सब्जी मंडी

■ मार्केट फीस सालाना करने से रोष

**लोहारू।** पिछले दिनों सरकार द्वारा सब्जीमंडी आढ़तियों की मार्केट फीस कथित रूप से सालाना करने और प्रतिवर्ष इसमें 10 फीसदी की बढ़ोतरी करने के फैसले का बाबा मस्तराम सब्जीमंडी एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है और प्रदेशभर की सब्जीमंडी एसोसिएशनों के समर्थन में 20 दिसंबर को सब्जी मंडी पूर्णतया बंद रखने का निर्णय लिया है। लोहारू बाबा मस्तराम सब्जीमंडी एसो. के प्रधान मुकेश धवन, पूर्व प्रधान सुभाष सैनी, रामसिंह सैनी, जेडी सैनी और पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार ने सब्जीमंडी आढ़तियों की मार्केट को एक साल की एक मुश्त कर दिया है जबकि पूर्व में आढ़तियों को यह फीस सप्ताहिक या 15 दिनों की फीस भरने की छूट होती थी। आढ़ति एक वर्ष की फीस एक मुश्त भरने में असमर्थ हैं। वहीं सरकार ने प्रतिवर्ष मार्केट फीस में दस फीसदी का इजाफा करने का भी निर्णय लिया है। जो कि बिलकुल गलत है। उन्होंने बताया कि सरकार के इस फैसले के विरोध में प्रदेशभर की सब्जीमंडी एसोसिएशनों ने 20 दिसंबर को सब्जीमंडी बंद रखने का निर्णय लिया है। उसी फैसले का समर्थन करते हुए लोहारू भी में सब्जीमंडी एसो. 20 को सब्जीमंडी पूर्णया बंद रखेगी।



चरखी दादरी। मांगों को लेकर ज्ञापन देते एसकेएस पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## एसकेएस ने मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

■ एक को जीप जत्था और 4 को करेंगे रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सर्व कर्मचारी संघ व संबंधित विभागों के सभी पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में मीटिंग का आयोजन किया। राज्य प्रधान धर्मबीर फौगाट व जिला प्रधान कृष्ण उण की अगुवाई में समस्याओं व मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मचारियों ने एक मत से निर्णय भी लिया गया कि सभी मुद्दों पर कर्मियों को एकजुटता दिखाते हुए काम करना आवश्यक है। इसके साथ ही एसेंबली में 10 मुख्य मांगों व मुद्दों को पारित किया गया जिसका ज्ञापन जिला प्रधान की अध्यक्षता में तहसीलदार को सौंपा गया।

जिला प्रधान ने बताया कि मुख्य मुद्दों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन नीति बहाल करना, सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण पर रोक लगवाना आदि प्रस्ताव मुख्य रहे जिनके हल के लिए आवाज उठाते हुए ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से पूरे हरियाणा प्रदेश में एसकेएस के जीप जत्थे चलाए जाएंगे, इसके बाद 4 फरवरी को रोहतक में राज्य स्तरी रैली को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सतबीर सरोहा, दिलबाग बजाड़, दलबीर डोहकी, धर्मेंद्र हड़ौदा, जितेंद्र दगड़ौली, राजेश कासनी, विजय लांबा, विरेंद्र सांगवान, यशपाल सांगवान प्रवीन सांगवान सहित इत्यादि उपस्थित थे।

## गांव अलाउदीनपुर व ढाणी लक्ष्मण में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ कार्यक्रम में मुख्यअतिथि रही जिप वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैए ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके।

देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। वे सोमवार को गांव अलाउदीनपुर व ढाणी लक्ष्मण में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गई और लोगों को उन विभागों संबंधी जानकारियां दी गई। सुनीता जांगड़ा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प.विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी व विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। सरकार ने पीपीपी से पेंशन बनाने का कार्य शुरू कर दिया अब लोगों को चक्कर नहीं काटने पड़ेगे।



**लोहारू।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का निरीक्षण करते हुए जिप वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

# बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

■ सत्यजीत पिलानिया को जब शपथ लेने के लिए मंच पर बुलाया गया तो सभी अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कोर्ट परिसर स्थित भिवानी बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सैशन जज दीपक अग्रवाल ने बतौर मुख्यातिथि की। इसके अलावा सभी न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान चौथी बार जिला बार एसो.भिवानी के चौथी बार प्रधान बने सत्यजीत पिलानिया को जब शपथ लेने के लिए मंच पर बुलाया गया तो सभी अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया तथा पिलानिया ने मंच पर नतमस्तक होकर चौथी बार सभी का धन्यवाद किया और शपथ लेने के बाद उन्होंने कहा कि जो मान-सम्मान चौथी बार भिवानी बार ने उन्हे दिया है, उसका कर्ज वे कभी भी नहीं उतार पाएंगे। लेकिन अधिवक्ताओं के हक के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल से उन्होंने न्यायालय का कोई कार्य करने की बजाए दिन.रात अधिवक्ताओं के हकों की लड़ाई लड़ी है तथा इस बार भी वे वही कार्य करेंगे। इस मौके पर सैशन जज दीपक अर्ग्रवाल ने कहा कि भिवानी बार सौभाग्य है कि उन्हे सत्यजीत पिलानिया जैसा प्रधान मिला। जिन्होंने बैंच और बार के रिश्ते को मजबूत करने का कार्य किया। इस मौके पर अन्य पदाधिकारियों को पद व गरिमा की शपथ दिलाई गई। जिनमें सचिव दीपक तंवर ने शपथ ली तथा कहा कि वे प्रधान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बार हित में कार्य करेंगे तथा कभी भी पीछे नहीं हटेंगे। इसके उपरांत उपप्रधान रवि राय, सह सचिव राकेश पंवार, कोषाध्यक्ष प्रिया, ऑडिटर रविंद्र ग्रेवाल, लाईब्रेरी इंचार्ज पूनम देवी ने शपथ ली। कार्यक्रम में मंच संचालन पूर्व सचिव कृष्ण मलिक ने किया तथा मंच के माध्यम से उन्होंने अधिवक्ताओं को खूब हंसाया। कार्यक्रम के दौरान हॉल में अधिवक्ताओं के बैठने की जगह भी कम पड़ गई। इस मौके पर इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन सुरेश मेहरा व रिटर्निंग अधिकारी विकास बुडानिया ने इलेक्शन कमेटी का लेखा.जोखा प्रस्तुत किया व सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस मौके पर भिवानी बार एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।



भिवानी। निर्वाचित अधिवक्ताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### तोशाम बार एसो. की सचिव पद पर दोबारा निर्वाचित होने वाली अधिवक्ता सुमन दहिया का किया स्वागत

**भिवानी।** सोमवार को तोशाम बार एसोसिएशन की सचिव पद पर दोबारा निर्वाचित होने वाली अधिवक्ता सुमन दहिया का भिवानी पहुंचने पर स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम का आयोजित हरियाणा जागृति मोर्चा लीगल सेल एवं बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम के संयोजक मोर्चा के लीगल विंग के रा य प्रधान अजय भुक्कल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यजीत पिलानिया ने की। मंच संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश सिंधू ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश सिंधू ने कहा कि अधिवक्ता सुमन दहिया कई वषाेर् से समाज सेवा व गरीबों की सहायता करने में अग्रणी रही। मोर्चा द्वारा संचालित गतिविधियों में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेती थी। जिसकी बदौलत वे आज इस मुकाम तक पहुंची है। इसी कड़ी में वरिष्ठ अधिवक्ता रघुबीर सिंह रंगा, ब्रहमानंद, सुरेश मेहरा, चरण सिंह दहिया, खुशीराम सांगवान, रामकिशन काजल, रविंद्र बिबयान, राजेंद्र सूई, कृष्ण खिच्ची, शुभम मेहरा, विजय दहिया, स्नेहा धानिया, राजेश, पाषर्द एवं अधिवक्ता मीना चौपड़ा, प्रेमलता भुक्कल, अमित दूल, अमित दहिया, रामअवतार सभ्रवाल, मोनिका भुक्कल,संदीप बामला, मंजू जनागन, सूबेदास आदि मौजूद थे।

## संत कवर साहेब महाराज ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल

# आप भक्ति करना चाहते हैं तो पहले गुरु से प्रेम करना सीखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्रेम, ध्यान का आधार होता है। आपकी सफलता के पीछे अक्सर वह प्यार होता है जो आप उस कार्य के प्रति रखते हैं। किसी चीज के प्रति प्रेम का संवर्धन आप में एक अद्भुत शक्ति का संचार करता है,जो आपको उन उपलब्धियों तक ले जाता है जिनकी आपने कल्पना भी नहीं की होती। दूसरी ओर किसी काम के प्रति प्रेम या रुचि का न होना उसे एक अत्यंत कठिन चुनौती बना देता है। यह सत्संग वचन राधा स्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने गांव दिनोद स्थित आश्रम में साध.संगत को फरमाए।

कंवर साहेब महाराज ने कहा कि उदाहरण के लिए यदि आपके हृदय में सत्संग के प्रति सच्चा प्रेम नहीं है तो सबसे प्रबुद्ध गुरु की शिक्षाएं और ज्ञान भी निरर्थक लग सकता है। यदि आपका दिल इस प्रक्रिया में पूरी तरह शामिल नहीं है तो सबसे महत्वपूर्ण सलाह और अंतर्दृष्टि भी अनसुनी रह जाती हैं। सत्संग के दौरान भी जब लोग बैठे होते हैं और सुन रहे होते हैं,तो उनका शरीर तो वहां होता है, लेकिन उनका मन और उनकी सोच कहीं और होती है। उन्होंने कहा कि इसी कारणवश यह जोर देकर कहा जाता है कि यदि आप भक्ति करना चाहते हैं, तो पहले गुरु से प्रेम करना सीखें। जब आपके हृदय में गुरु के प्रति प्रेम जागृत हो जाता है तो आपके आध्यात्मिक पथ का आधा सफर स्वतः ही पूरा हो जाता है। गुरु की प्रत्येक बात आपको अच्छी लगने लगती है और आप उन्हें प्रसन्न करने के लिए वे सभी काम करने लगते हैं, जो वे आपको बताते हैं।



### गुरु से प्रेम धारण करें

कंवर साहेब महाराज ने कहा कि आपका मन हमेशा इसी चिंतन में रहता है कि मैं अपने गुरु के लिए क्या करूं जिससे वे खुश रहें। यह स्थिति उसी प्रकार है जैसे एक मां अपने बच्चे से प्रेम करती है। बच्चे के मुंह से निकली तुतलाती हुई बातें उसे बेहद प्यारी लगती हैं। बच्चे की गलतियां या उसके द्वारा दिया गया कष्ट, उसे कष्ट नहीं लगता। बल्कि वह सारा दिन उसकी खुशियों के लिए दौड़ती.भागती रहती है। इसलिए जब आप गुरु धारण करते हैं, तो सबसे पहले उनसे प्रेम करना चाहिए। उन पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दें। कंवर साहेब महाराज ने कहा कि यदि आपसे कोई गलत कर्म हो जाता है, तो पश्चाताप करना सीखें, क्योंकि कर्म जाने में हो या अनजाने में, उसका फल तो आपको भोगना ही पड़ेगा। अनजाने में किए गए गलत कर्म या भूल के फल को मिटाने के दो ही उपाय हैं। पहला, उस काम से हमेशा के लिए तौबा करके उसका पश्चाताप करना और दूसरा, गुरु या नाम भक्ति करना।

## लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए : बिसम्बर



**भिवानी।** विधायक बिसम्बर सिंह वाल्मीकि ने अपने पैतृक गांव खरक कलां में सरपंच राजकुमार शर्मा के निवास स्थान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान करें। नागरिकों के अनावश्यक रूप से चक्कर न लगवाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को बिजली व पेयजल प्रर्याप्त मात्रा में मिलना चाहिए। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए विधायक वाल्मीकि ने कहा कि विकास कायोंर् के लिए सरकार के पास धन की कमी नही है। गांवों में शहरों की तर्ज पर विकास करवाए जा रहे हैं। सरकार की योजना है कि ग्रामीण अंचल के युवाओं को शहरों की भांति लाईब्रेरी की सुविधा मिलेए जिसके लिए ई.लाईब्रेरी खोली जा रही है। इसी प्रकार ओपन जिम और व्यापयाम शाला खोली जा रही हैं। गांवों में सभी फिरनियों को पक्का किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल व निर्धारित शैड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार ऑन लाईन सिस्टम के माध्यम से पारदर्शिता के साथ लोगों को योजनाओं का लाभ दे रही है। आज लाभार्थियों के खातों में सीधा पैसा जा रहा है और बीच में कोई बिचौलिया नही है।

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

## क्रिसमस प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



### संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

### आशाओं में विश्वास

केक, करोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



### यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

**क्रिसमस का** त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

## आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारों से भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं। क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...

मेकअप साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

## फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।

**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।



**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप लुक को कंप्लीट करेगा।

**प्रस्तुति : मानसी**

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

## जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।



**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं तीन केक्स की रेसिपी।

## क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक

### खस जैली केक



**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए

**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।

### क्रंची कोको केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/2 कप, कोको पावडर-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-1/2 कप, तेल-1 कप, दूध-1कप, बेकिंग पावडर-2छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, वनीला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी



**विधि:** क्रंची कोको केक बनाने के लिए कंडेंस्ड मिल्क, पिसी चीनी और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। उसके बाद इसमें वनीला एसेंस मिला लें। सारी सूखी सामग्री को मिलाकर बड़े बाउल में छलनी से छान लें। इसमें कंडेंस्ड मिल्क, तेल का मिश्रण और आवश्यक्तानुसार दूध मिलाकर फ्लोइंग कंसिसटेंसी का बैटर बना लें। अब केक मोल्ड में तेल लगाकर मैदा बुरकें। इसमें बैटर डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट के लिए रख दें। पूरी तरह बेक होने पर केक को ठंडा करके प्लेट में निकालें और मनचाही गार्निशिंग कर लें।

### मेवा केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी



**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।

## खबर संक्षेप



### गीता ज्ञान कल्याण का प्रतीक है : चरणदास

**भिवानी।** समाज को साकारात्मक रखने का सबसे आसान तरीका है लोगों गीता के ज्ञान को न केवल फैलाया जाएंए बल्कि गीता ज्ञान के गूढ रहस्य को आमजन को समझाया भी भी जाएं। क्योंकि गीता ज्ञान कल्याण का प्रतीक है। यह बात हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज ने कही। वे मंदिर परिसर में हरियाणवी अनुवादित गीता म्हारी गीता म्हारा ज्ञान पुस्तक को भेंट करने पहुंचे।



### हलवासिया विद्या विहार में प्रतियोगिता का आयोजन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में नचिकेता सदन के अंतर्गत माध्यमिक विभाग में जल जीवन मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें कला आचार्या विजयलक्ष्मी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में कुल 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़. चढ़कर भाग लिया। आचार्या बबीता गर्ग व मनोज भाटी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।



### केएम स्कूल के अभय ने जीता सिल्वर पदक

**भिवानी।** जैन चौक स्थित केएम हाई स्कूल के 10वीं कक्षा के विद्यार्थी अभय ने भिवानी में श्री सरजीत सिंह मैमोरियल खेल समिति द्वारा 16 व 17 दिसंबर को आयोजित करवाई गई प्रतियोगिता में जैवलिन थ्रो में सिल्वर पदक जीतकर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया है। पदक विजेता खिलाड़ी का विद्यालय में पहुंचने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिविर में प्राणायामों का करवाया अभ्यास

**बाढ़ड़ा।** गांव पालड़ी के बाबा बनवारी दास मंदिर परिसर की आयुष व्यायामशाला में आर्यवीर दल चरखी दादरी के तत्वावधान में मंडलपत्ति स्वामी सच्चिदानंद के सानिध्य में व्यायाम शिक्षक राहुल आर्य के प्रशिक्षण में चल रहे आसन व्यायाम प्रशिक्षण एवं चरित्र निर्माण संस्कार शिविर में सोमवार को बच्चों को नाड़ीशुद्धि, कपालभाति आदि विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद ने बच्चों को प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए बताया कि हृदय सांसों की डोर से ही बंधा रहता है। सांसों की डोर जितनी मजबूत होती है, हृदय भी उतना ही स्वस्थ रहता है।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की स्वेटर



**तोशाम।** समाज कल्याण में समय समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करके अपना योगदान दे रही समाजसेविका डॉ. सुनीता जनावा ने सोमवार को शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम के साथ मिलकर तोशाम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवारजनों से भावनात्मक जुड़ाव अवश्य रखें। डॉ. सुनीता जनावा इससे पहले भी रक्तदान शिविर आयोजित करना,पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण, नशा मुक्ति अभियान और समाज के गंभीर मुद्दों पर भी पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती रही हैं।

---

### 200 विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

मुख्यातिथि के रूप में अभिनेता और निर्देशक सोनू रोंझिया ने शिरकत की।



भिवानी। कार्यक्रम में नाटक का मंचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में डॉक्टर अनीता शर्मा की अध्यक्षता में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव एवं स्कॉलर बैज समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल एभिवानी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के ट्रस्टी मयूर गुप्ता एवम श्वेता गुप्ता और सचिव विजयपाल त्रिपाठी पधारे।

मुख्यातिथि के रूप में बिड़ला स्कूल ,पिलानी, झुंझुनू के प्रिंसिपल धीरेंद्र सिंह और अभिनेता व निर्देशक सोनू रोंझिया ने शिरकत की। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप मे वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिवानी के ट्रस्टी विजयकिशन अग्रवाल , प्रिंस इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल, झुंझुनू की निदेशक एवं अध्यक्ष सावित्री कालेर और लक्ष्मी कालेर एवम एकेडमिक निदेशक समीर शर्मा ,जीवन ज्योति ग्रुप आफ स्कूल, झज्जर की निदेशक नीलम गुलिया ने शिरकत की। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ । विद्यालय प्राचार्या डॉक्टर अनीता शर्मा ने मुख्य अतिथि धीरेंद्र सिंह व अतिथिगण का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, की ट्रस्ट शांतिदेवी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कक्षा पहली से 11वीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2022. 23 में वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया । सत्र 2021. 22 एवम 2022.23 में सी बीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट शिक्षा परिणाम के लिए कक्षा 12वीं के देवांश,राशि जाखड़ , मन्नत , अनुश्री , हर्षिता गिल , रित्विक गुप्ता व शौर्य चौहान ,अनीमेशा, वत्सल वत्स एवम प्रीत और वर्षा ,नंदिता , अनीशा , ईशु , विशाल आदि को सम्मानित किया।



भिवानी। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### शिक्षकों को किया सम्मानित

सत्र 2021.22की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्रशिक्षित व अनुभवी अध्यापक व अध्यापिकाओं .अनिल कुमार अरोड़ा , उर्मिला मस्ता , सोनिया कौशिक और विकास शर्मा को नकद व मुमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया । सत्र 2022.23 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं. ,उर्मिला मस्ता , सरिता अहलावत , सोनिया कौशिक , सोनिया गुलाटी , विकास शर्मा और सुनील कुमार को राशि प्रदान कर सम्मानित किया। 2023 में आयोजित आईआईटी व नीट परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों वह उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया । दिल्ली वंडर वर्ल्ड स्कूल के नर्सरी, एलजी और यू.केजी कक्षा के छात्र.छात्राओं की स्वैग से करेंगे सबका स्वागत व फिर भी दिल है हिंदुस्तानी पापा मेरा आसमान,तुनक तुनक तारा आदि प्रस्तुतियों को देखकर श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए । प्रथम व द्वितीय कक्षा के छात्र .छात्राओं द्वारा उड़े जब जब जुल्फें तेरी ने कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की जिसने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। कृष्णावतार नृत्य . नाटिका का मंचन इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता शर्मा ने मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया ।

---

### भगवान राम और सीता का विवाह उत्सव मनाया

**भिवानी।** श्री खाकी बाबा रामचरित्र मानस मंदिर में भगवान श्रीराम एवं माता जानकी सीता का विवाह मार्गशीर्ष की शुक्ल पक्ष की पंचम तिथि को धूमधाम से मनाया गया। खाकी बाबा मंदिर के महंत रामकृपाल दास ने बताया कि पिछले काफी वर्षों से मंदिर प्रांगण में राम सीता का विवाह को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन भगवान राम और सीता का विवाह संपन्न हुआ था। इसलिए प्रत्येक वर्ष मार्ग शीर्ष की पंचमी को भगवान के विवाह की सालगिरह मनाई जाती है। इस दिन कुछ भक्त सीता जी के परिवार के सदस्य के रूप में रहते हैं और कुछ भक्त भगवान राम की तरफ से होते हैं। शहनाई वादन के साथ भगवान राम की शोभायात्रा बारातीयों सहित मंदिर में पहुंची।

### मनोविज्ञान प्रवक्ता का हृदय गति रुकने से निधन

**भिवानी।** राजकीय कन्या वमावि दिनोद में मनोविज्ञान प्रवक्ता के पद पर कार्यरत व पर्यावरण प्रेमी सुभाष निवासी गांव कोहाड़ का हृदय गति रूकने से असमायिक निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। उनके निधन पर सोमवार को स्कूल में स्टाफ सदस्यों व छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुभाष कोहाड़ अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां व पुत्र छोड़कर गए हैं। स्कूल की प्राचार्या सीमा कुमारी व स्कूल स्टाफ सदस्यों ने बताया कि सुभाष कोहाड़ एक अच्छे शिक्षक के साथ.साथ मिलनसार, समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी भी थे। समाजसेवा के साथ.साथ विद्यालय के शिक्षा के अलावा अन्य कार्यों में भी भाग लेते थे। स्टाफ व बच्चों में अपने व्यवहार को लेकर काफी लोकप्रिय थे।

---

## नि:शुल्क कैंपों से मिलती है जरूरतमंदों को मदद : गौरव



**चरखी दादरी।** सांवड स्थित बीएसएन स्कूल परिसर में श्री अस्पताल की तरफ से नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि गौरव चौबारला ने किया तथा स्कूल निदेशक शिवकुमार भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित हुए। शिविर में 250 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निशुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ करते हुए सरपंच प्रतिनिधि गौरव गौरव चौबारला व स्कूल निदेशक शिवकुमार भारद्वाज ने श्री अस्पताल की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह के कैंप से जरूरतमंद परिवारों को एक अच्छा उपचार मिलता है। ग्रामीण अंचल के लोगों को शहरों की तरफ नहीं भागना पड़ता। उन्होंने कहा कि सही मायनों में यह समाज सच्ची सेवा है। शिविर में श्री अस्पताल की तरफ से डॉक्टर राजेंद्र डॉ. श्री यादव ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. श्री यादव ने कहा कि अस्पताल की तरफ से जिलाभर में निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं। उनका प्रयास की क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई जाए। अस्पताल में भी हर प्रकार के रोगों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। अब लोगों को उपचार के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। शिविर में 250 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। नेत्र चिकित्सक ने 20 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजपाल यादव, विकास भारद्वाज, राजेश, दिलबाग , अजय, शंकर सहित इत्यादि उपस्थित थे।

## एक मुश्त फीस वापस ले सरकार: सविता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव सविता मान। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश में सब्जी व फलों पर एक मुश्त फीस लगाने से आम आदमी व व्यापारियों में रोष है। इससे आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। महंगाई ने पहले ही आम आदमी की कमर को तोड़ कर रखी हुई है वहीं दूसरी ओर सरकार ने सब्जी व फलों पर एक मुश्त फीस लगाकर लोगों की जेब पर डाका डालने का काम किया।

यह बात हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव सविता मान ने मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री द्वारा एक मुश्त मार्केट फीस लगाने का विरोध करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने सब्जी व फल पर से पूरी तरह मार्केट फीस माफ कर दी थी लेकिन भाजपा ने सब्जी व फलों पर फिर से मार्केट फीस लगाकर किसान व आढ़तियों के साथ ज्यादती करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ साल पहले भाजपा ने मार्केट फीस हटाने की घोषणा की थी लेकिन सरकार ने सब्जी व फल पर मार्केट फीस हटाने की अधिसूचना जारी करने की बजाए एक मुश्त मार्केट फीस लगा दी गई है। इससे महंगाई और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने मार्केट फीस व एचआरडीएफ नहीं हटाया तो कांग्रेस इसका सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देगी वे हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

## जितेंद्र शर्मा को जिला वरिष्ठ उपप्रधान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जननायक जनता पार्टी के जिला संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ.अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लिताणी व प्रदेश संगठन सचिव विजय गोठड़ा से विचार.विमर्श करने उपरांत जजपा जिला प्रधान जोगेंद्र सिंह बागनवाला ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है।

जजपा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह बागनवाला ने बताया कि जिला वरिष्ठ उपप्रधान जितेंद्र शर्मा व राजकुमार ओबरा, उपप्रधान हरपाल नंबरदार, राजपाल मेहला, आजाद ठेकेदार, रमेश तंवर, बलवान इंदीवाली, उमेद गौरीपुर, सत्यप्रकाश नंबरदार, दिलबाग तालु, राजकुमार रतेरा, सत्यवान शर्मा, ओमबीर सरपंच, जिला महासचिव दिलबाग गोलागढ़, प्रेम कुकरेजा,राजकुमार यादव, संदीप शर्मा, भूपेंद्र गोदारा, महाबीर सिहाग, नरेंद्र सोनी, विरेंद्र मुंढ़ाल, बिट्टू तंवर, जागेराम श्योराण, मुन्ना रापडिय़ा, सचिव बलबीर ग्रेवाल, सुरेश ईशरवाल, सुभाष सुई को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है।

## सरकारी नौकरी में चयनित युवा किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी


चरखी दादरी। नौकरी में चयनित बच्चों को सम्मानित करते डा. मनीषा सांगवान।

बौंद कलां में मनीषा सांगवान लाइब्रेरी में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मनीषा सांगवान की अध्यक्षता में पिछले दो महीन में सरकारी नौकरीयों में चयनित हुए युवाओं का सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बताया कि मनीषा सांगवान फाउंडेशन द्वारा संचालित मनीषा सांगवान लाइब्रेरी बौंद कलां की शुरुवात 2018 में हुई। जिसमें बच्चों की तैयारी के लिए अच्छी पुस्तकें रखी गई हैं।

आज लाइब्रेरी में पढ़ाई कर विभिन्न सरकारी विभागों मे अब तक 23 युवाओं का चयन हो चुका है। कांग्रेस प्रवक्ता एंव प्रदेश कांग्रेस महिला महासचिव डॉ. मनीषा सांगवान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई। ग्रामीणों ने मनीषा सांगवान का आभार प्रकट करते हुए सम्मान किया।

कार्यक्रम आर्मी मे चयनित प्रिंस ,एयरफोर्स में चयनित विकास व कमल ओर बिजली निगम मे चयनित पूजा को डॉ मनीषा सांगवान द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा की निरन्तर मेहनत करने से सफलता मिलती है। मनीषा सांगवान लाइब्रेरी बौंद कलां के युवाओं ने किताबों ओर समय का सही उपयोग करते हुए सफलता प्राप्त की है। इससे दूसरे बच्चे भी प्रेरित हो रहे हैं। मनीषा सांगवान ने कहा कि ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने मनीषा सांगवान लाइब्रेरी की शुरुआत की थी।

### सीजेएम राठी ने लोहारू में ली बैठक

**लोहारू।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम कपिल राठी ने न्यायिक परिसर का दौरा कर पैनल अधिवक्ताओंए मध्यस्थों और पैरा लीगल वालंटियर्स की बैठक ली। बैठक में उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्ष एवं एसडीजेएम सीनियर डिवीजन जितेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। सीजेएम ने उपमंडल विधिक सेवा समिति लोहारू के कार्योर् का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में विशेष रूप से जनता को जागरूक किया जाए, ताकि जनता कानूनी सहायता का लाभ उठा सके। इस मौके पर एडवोकेट नरेश शेखावत, मनोज ठोलिया, रवि कुमार, नरेंद्र यादव, सूबे सिंह मौजूद रहे।

## 'सरकार ने दादरी के साथ किया भेदभाव'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी


चरखी दादरी। ग्रामीणों को संबोधित करते अनिल धनखड़। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार दादरी क्षेत्र के साथ विकास एवं रोजगार के मामले में भेदभाव की नीति अपना रही है। जिससे क्षेत्र की जनता किसी सूरत में सहन नहीं करेगी। सरकार को इसका खामियाजा आगामी 2024 के चुनावों में भुगतना पड़ेगा। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल धनखड़ ने सोमवार को गांव फतेहगढ़ में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कही।

उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के शासन काल में हर वर्ग नाराज व हताश है। आए दिन सरकार की नाकामियों की वजह से जनता को अपने कामों के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है। सरकार का आमजन से कोई सरोकार नहीं है। प्रतिदिन सरकार के प्रतिनिधि जनता से झूठे वायदे करके उनको गुमराह कर रही है।

सरकार का जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है, वह केवल पूंजीपतियों की सरकार बनकर रह गई है और उन्हीं के घर भरने में लगी है। धनखड़ ने कहा कि पूर्व की भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की सरकार में 36 बिरादरी के जनकल्याण के लिए रोजगार एवं विकास के अवसर प्रदान किए गए थे। किसानों के लिए अनेक नीतियां लागू की गई। किसानों को समय-समय पर फसलों के उचित दाम दिए गए, मुआवजा भी समय-समय पर दिया जाता रहा। उन्होंने कहा कि राजसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा युवाओं के सच्चे हितैषी है। कांग्रेस शासनकाल में युवाओं की आवाज को प्राथमिकता के आधार पर लोकसभा के पटल पर उठाया।

---

### विवेकानंद हाई स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

# युद्ध भूमि में कोई अपना और पराया नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षिका।

विवेकानंद हाई स्कूल में सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा आयोजित गीता जयंती महोत्सव को लेकर तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार विद्यार्थियों ने गीता को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस दौरान विद्यार्थियों ने संसय से घिरे अर्जुन ,श्री कृष्ण ,भीष्म पितामह, द्रोपदी चीर हरण, गीता ज्ञान सांस्कृतिक नृत्य व अभिनय प्रस्तुत किया। नृत्य व अभिनय में अर्जुन ने के संशय का भगवान श्री कृष्णा निदान करते हैं। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज और कार्यक्रम की अध्यक्ष सावित्री यादव ने कहा कि महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की लड़ाई के बारे में बोलते हुए अर्जुन को अपने और पराये, का अंतर स्पष्ट करवाया है और गीता के माध्यम से भगवान कहते हैं कि युद्ध भूमि के क्षेत्र में कोई भी अपना और पराया नहीं होता।

#### विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक प्रस्तुति दी

गीता का संदेश सुनाते हुए भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को प्रेरित करते हैं और उनके मन में पैदा होने वाले संसय को खत्म करते हैं। जिससे अर्जुन युद्ध करने के लिए खड़े हो जाते हैं । वही कलाकार विद्यार्थियों के द्वारा द्रोपदी चीर हरण सहित अनेक विषयों को लेकर प्रेरणादायक प्रस्तुति देकर नारी सशक्तिकरण के लिए अपील की । विद्यार्थियों ने इस दौरान जलए जंगल और जमीन,क्लीन इंडिया,पानी एवं पर्यावरण संरक्षण ,नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। श्लोक उच्चारण करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि एक समय पाताल लोक में शेषनाग की शय्या पर श्री नारायण नैन मूंदकर आनंद में मग्न थे। उस वक्त भगवान के चरण दबाते हुए लक्ष्मी ने पूछा हे प्रभू। निद्रा और आलस्य तो उन पुरुषों को व्यापता है जो जीव तामसी होते हैं, फिर आप तो तीनों गुणों से अतीत हो। आप तो वासुदेव हो, आप जो नेत्र मूंद रहे हों, इससे मुझको बड़ा आश्चर्य है। नारायण ने उत्तर देते हुए कहा हे लक्ष्मी। मुझको निद्रा आलस्य नहीं व्यापता, एक शब्द रूप जो भगवद्गीता है उसमें जो ज्ञान है उसके आकार रुप है, यह गीता शब्द रूप अवतार है, इस गीता में यह अंग है पांच अध्याय मेरे मुख है,दस अध्याय मेरी भुजा हैं, सोलहवां अध्याय मेरा हृदय और मन और मेरा उदर है,सत्रहवां अध्याय मेरी जंघा है, अठारहवां अध्याय मेरे चरण हैं।

## पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो : शर्मा



**भिवानी।** पीएम मोदी के गारंटी वाले रथों ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए देशवासियोमें नया जज्जा पैदा किया है। मोदी का सपना है कि अमृत काल के आगामी 25 वषोंर् में भारत दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनकर उभरे। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का सतत प्रयास है कि हर पात्र को उनके गांव या वार्ड में ही योजनाओं का लाभ मिले। पीएम मोदी ने समाज के हर वर्ग के पात्र नागरिकों की जरूरत को पूरा करने का संकल्प लिया हुआ है और उनके संकल्प को मोदी के गारंटी वाले रथ गांव.गांव जाकर पूरा कर रहे हैं। इससे देश व प्रदेश में उत्साह और प्रेरणा का एक नया माहौल बना है। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने में युवा वर्ग की महती भूमिका होगी। इस दौरान रीतिक वधवा, पूर्व सरपंच सुनील परमार ,रामकिशन शर्मा, रिटायर्ड सूबेदार राजेंद्र सिंह, मास्टर संजय शर्मा, एडवोकेट राकेश वत्स आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## जीडीसी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन सत्र का आयोजन

**बहल।** जीडीसी महाविद्यालय, बहल में संचालित इग्नू केंद्र द्वारा नव नामांकित जुलाई 2023 के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन सत्र का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों को इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रम व उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं के बारे में बताया गया। विशेष रूप से विद्यार्थियों को इग्नू एप के बारे में बताया गया जिसके उपयोग से विद्यार्थियों को बहुत सी जानकारी व सुविधाएं मिल सकती है।

## पोक्सो एक्ट के बारे में दी जानकारी

**चरखी दादरी।** शहीद दलबीर मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित किया।राज्यपाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश और सुमन राणा ने मुख्य अतिथि के तौर पर बच्चों को उनके अधिकार एवं सुरक्षा, पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स

## श्रद्धालुओं को भगवद गीता का महत्व बताया

**भिवानी।** युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में 9 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कथाव्यास 1008 महामंडलेश्वर साहबी करूणागिरी कथावाचन कर श्रद्धालुओं को भगवद गीता का महत्व बता रही है। करूणागिरी ने कहा कि कलयुग की आपाधापी भरी जिंदगी में गीता का सिर्फ पठन नहीं, बल्कि मनन करना होगा।

## राजकीय स्कूल में यूडाइस ट्रेनिंग शिविर आयोजित

**बाढ़ड़ा।** सोमवार को खंड बाढ़डा के राजकीय और निजी स्कूलों की यूडाइस की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। राजकीय स्कूलों के मुखियाओं ने और दोपहर बाद निजी स्कूलों को यूडाइस भरने को लेकर प्रशिक्षण प्रदान किया। खंड संसाधन कार्यालय से अशोक कुमार ने बताया कि सभी स्कूलों को डाटा एकत्रित करके यू दृडाइस प्लस पर भरना है। प्रशिक्षण। शिविर का आयोजन जिला परियोजना संयोजक जलधीर सिंह कलकल की अध्यक्षता में की गई।



## विकसित भारत के सपने को साकार करने में अहम साबित हो रही यात्रा

**चरखी दादरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल करने के सपने को साकार करने में अहम साबित होगी और इस यात्रा के माध्यम से सरकार प्रदेश के प्रत्येक पात्र नागरिक को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लाभ देने के लिए काम कर रही है। एक ओर जहां लोगों की निजी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर गांव के विकास के कार्यो के लिए भी योजना बनाने का काम हो रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविन्द्र सिंह मांढ़ी ने जिला के मोड़ी और जावा गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में विचार रखे।

# लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां : शिक्षकों को दी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के प्रयोग की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर पंचायत भवन में एसडीएम दीपक बालू लाल करवा की अध्यक्षता में अधिकारियों.कर्मचारियों व आमजन को ईवीएम.वीवीपेट मशीन के प्रयोग के बारे में जागरूक करने को लेकर कार्यशाला शुरु हुई। कार्यशाला में भिवानी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले शिक्षकों को ईवीएम.वीवीपेट के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्यशाला 22 दिसंबर तक चलेगी। एसडीएम करवा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंडीगढ़ के निर्देशानुसार ईवीएम मशीन बारे जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसार खंड स्तर पर ईवीएम.वीवीपैट की ट्रेनिंग का शैड्यूल तैयार किया गया है। आमजन को इस बारे जागरूक करने के लिए ईवीएम वैन भी चलाई गई है। अधिकारियों.कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर ईवीएम एंड वीवीपैट मशीनों की ट्रेनिंग दी जाएगी।

### एसडीएम की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित



**भिवानी।** ईवीएम की जानकारी देते हुए व प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### आमजन को किया जागरूक

विधानसभा भिवानी क्षेत्र के लिए 14 दिसंबर से शुरू हो चुका है और ये 22 दिसंबर तक चलेगा। कार्यशाला में भिवानी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले शिक्षकों को बुलाया गया और उनको मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाली ईवीएम और वीवीपैट को जोडने के बारे में जानकारी दी गई। चुनाव तहसीलदार जयबीर सिवाच ने कार्यशाला में बीयूए सीयू और वीवीपैट को जोडने के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में बताया कि किसी प्रकार से मतदान प्रक्रिया संपन्न होती है। कैसे मशीनों का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कार्यशाला में शामिल शिक्षकों से कहा कि वे इस बारे में आमजन को जागरूक करें।

### बिजली बिलों में नाजायज वसूली का आरोप

# तोशाम बिजली घर में किया विरोध प्रदर्शन

### उपभोक्ता मंच ने एसडीओ महेश शयोराण की मार्फत मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम



**तोशाम।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सोमवार को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन और उपभोक्ता मंच ने संयुक्त रूप से तोशाम बिजली घर प्रांगण में एकत्रित होकर बिजली के बिल में बिजली चार्ज बिल के साथ एडवांस 3 महीने का बिजली सिक्योरिटी के नाम से आम जनता से नाजायज वसूली का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने तोशाम बिजली विभाग के अधिकारी एसडीओ महेश शयोराण की मार्फत एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सरकार को भेजा और बिजली बिल की प्रतियां जलाकर विरोध किया। इसका नेतृत्व एआईकेकेएमएस के जिला सहसचिव इंदर सिंह फौजी बागनवाला ने किया।उपभोक्ता मंच के राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह कटारिया और सुभाष चंद्र रिटायर्ड फोरमैन ने संबोधित करते हुए कहा कि बिजली एक जन.उपयोगी सेवा है। आमदनी का स्तर चाहे जो भी हो बिजली लोगों का मौलिक अधिकार बन चुकी है। लेकिन देसी और विदेशी कॉरपोरेट्स का हित साधने के लिए बहुत ही जरूरी इस जन.उपयोगी सेवा को मुनाफे। लूटने की वस्तु में तब्दील कर दिया है। केंद्र व राज्य सरकारें दोनों आम आदमी के हितों पर कुठाराघात करते हुए बड़ी तेजी से बिजली का निजीकरण कर रही हैं। नतीजतन, बिजली के रेट बढ़ने से आम उपभोक्ता बिजली बिलों के बोझ तले दब रहे हैं। तरह.तरह के बहाने बनाकर बिजली की दरों में बढ़ोतरी रोजाना की बात हो गई है। 1990 के दशक में अर्थव्यवस्था के भूमंडलीकरण के बाद निजी मालिकों के स्वार्थ में बिजली निजीकरण की दिशा में बहुत तेजी से कदम बढ़ाए गए हैं। बिजली कानून.2003 के जरिए बिजली उत्पादन में निजी मालिकों के लिए रास्ता खोल दिया गया। इसी का नतीजा है कि बिजली उत्पादन का 50 प्रतिशत हिस्सा निजी मालिकों के कब्जे में है। बिजली बिल.2022 का मकसद देशभर में बिजली क्षेत्र का मुक्कमल निजीकरण करना है। इससे बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि होगी और बिजली सब्सिडी धीरे.धीरे खत्म कर दी जाएगी। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण डीबीटी का भी वही हाल होगा जैसा रसोई गैस एलपीजी मामले में हुआ है। किसानों को भी पहले पूरे बिल का भुगतान करना होगा और फिर प्रतिपूर्ति के लिए इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि बिजली बिल.2022 के प्रावधान पूरी तरह से उपभोक्ता विरोधी हैं। इस मौके पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम व जिला प्रधान रोहतास सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान नरसिंह बागनवाला, सत्यवान झुली, फूल सिंह दूल्हेड़ी, ईश्वर सिंह, कर्मवीर, ओम सरल, सतवीर सिंह, पुरुषोत्तम गौड, जयवीर बागनवाला,रामकुमार, बहादुर सिंह, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

## मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन समय पर पूरा करने के निर्देश

**भिवानी।** सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुनील भौरिया की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में सोमवार को मतदाता सूची ड्राफ्ट प्रकाशन कार्य को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस कार्य को समय पर पूर्ण करवाया जाए। सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी भौरिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घर.घर सर्वेक्षण के दौरान पहचाने गए मतदाताओं के फॉर्म, ऑफलाइन प्राप्त फॉर्मोर् का डिजिटलीकरण, पीएसई और डीएसई का निपटान और ड्राफ्ट प्रकाशन से पहले और ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद फॉर्मोर् का लंबित होना आदि कार्योर् को निर्धारित समय पर पूरा करवाएं। इस दौरान निर्वाचन तहसीलदार जयबीर सिवाच, खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी अनिल कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी बवानीखेड़ा आनंद शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी लोहारू सुरेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।



## स्वर्ण पदक हासिल करने पर किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्री सरजीत सिंह मेमोरियल खेल समिति द्वारा भीम स्टेडियम भिवानी में आयोजित प्रथम श्री रणजीत सिंह मेमोरियल एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 में बीके विद्यालय के दो छात्रों ने लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक व 1100 नगद इनाम प्राप्त किया। अंडर 12 में कुनाल सुपुत्र चरण सिंह गांव जाटू लोहारी से लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 में गौरव सुपुत्र रवि कुमार गांव जाटू लोहारी से लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों के हुनर की भूरी.भूरी प्रशंसा की तथा उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह,कनिष्ठ संचालिका मंजू मलिक, निशा, पार्वती, ओमबीर, मनीषा, मीनु वालिया, कविता कुमारी, सुमन, निधि रोहिल्ला सहित स्टाफ के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।



## यूजी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय यूजी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के नकल रहित शांतिपूर्ण संचालन को लेकर कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल ने विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेजों के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। आज सुबह विश्वविद्यालय के कुलपति स्वयं अपनी टीम के साथ स्थानीय वैश्य कॉलेजए आदर्श महिला कॉलेज और राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए उनके साथ परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन गुप्ता, डॉ सोनल शेखावत, पीआरओ प्रभारी ऋषि थे। कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल ने वैश्य कॉलेज के परीक्षा केंद्र का निरक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा । वैश्य कॉलेज में उनके साथ प्राचार्य डॉ. संजय गोयल,कमल भारद्वाज ने परीक्षाओं के शांतिपूर्ण सफल संचालन की जानकारी दी। आदर्श महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अलका मित्तल, डॉ. रमाकांत ने परीक्षाओं के शांतिपूर्ण सफल संचालन की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ राजीव गांधी महिला महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र का निरक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## गीता जंयती महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करें

**भिवानी।** एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम करवा ने आह्वान किया कि गीता जयंती महोत्सव में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी हो। श्री करवा ने कहा कि गीता जंयती महोत्सव के धूमधाम के साथ आयोजन में सभी वर्ग व धर्म के अनुयायियों का शाामिल होना जरूरी है। गीता का संदेश सभी जन प्राणी के लिए है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव किरोड़ीमल पार्क में 22 व 23 दिसंबर को मनाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ हवन.यज्ञ के साथ होगाए जिसमें गीता आचायोंर् द्वारा मंत्रोच्चारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्त्रम होंगे। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को दिन अन्य कार्यक्त्रमों के अलावा शाम पांच बजे दीपोत्सव का आयोजन होगा। मुख्य आयोजन हनुमान मंदिर जोहड़ी धाम में होगा।

## हरियाणा नेटबॉल टीम ने जीती राष्ट्रीय प्रतियोगिता

**भिवानी।** 14 से 17 दिसंबर तक जिला के गांव कलिंगा स्थित बालाजी सीनियर सैंकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई 41वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में जिला के गांव धारेडू के प्रवीण भारद्वाज ने हरियाणा की टीम का बतौर कैप्टन नेतृत्व किया तथा हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। फाईनल मैच में हरियाणा की टीम ने राजस्थान को कड़े मुकाबले में 32.31 से हराकर स्वर्ण पदक पदक कब्जा किया। बता दे कि प्रवीण भारद्वाज वर्तमान में गांव भाखड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीटीआई के पद पर कार्यरत्त है। पदक लेकर लौटे हरियाणा नेटबॉल टीम के कप्तान प्रवीण भारद्वाज का सोमवार को विद्यालय में अभिनंदन किया गया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय भारतीय नेटबॉल डवलोपमैंट समिति के अध्यक्ष हरिओम कौशिक सहित समस्त स्टाफ सदस्यों दिया। उन्होंने कहा कि उनकी जीत में पीटीआई नसीब का विशेष सहयोग रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारियों को मिले सभी लाभः नरेश

**भिवानी।** सरकार कर्मचारियों, बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है। उन्हें रोजगार देने की बजाए उनकी बेरोजगारी के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीएम नरेश तंवर ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत अनुबंध पर लगे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि में पिछली सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा फैसले पर अपनी प्रतिक्त्रिया व्यक्त करते हुए कही। नरेश तंवर ने कहा कि यह सरकार बेरोजगार युवाओं व कर्मचारियों को रोजगार देने की बजाए उनकी मजबूरी का नाजायज फायदा उठा रही है। उन्होंने कहा कि कच्चे कर्मचारियों के लिए निर्धारित डीसी रेट की जगह निगम रेट तय कर दिया है।

# कर्मचारियों ने आठ प्रस्ताव पास कर सीएम को भेजे

- कर्मचारी असेंबली सत्र का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर विधानसभा सत्र के समानांतर कर्मचारी असेंबली सत्र उपायुक्त कार्यालय पर कर्मचारियों द्वारा चलाया गया। जिसमें स्पीकर की भूमिका मा. वजीर सिंह ने निभाई तथा इसका संचालन सुमेर आर्य सह सचिव जिला भिवानी ने किया। इस असेंबली सत्र में 8 प्रस्ताव पारित किये गए। राज्य में रोजगार के विस्तार बारे प्रस्ताव, सुंदर कोच द्वारा रखा गया। हरियाणा में कर्मचारियों के लिए अलग वेतन आयोग का गठन व वेतन विसंगतियां दूर करने बारे प्रस्ताव मा. राजवीर वर्मा ने रखा। सार्वजनिक सेवाएं उपलब्धता, गुणवत्ता व समयबद्धता बारे प्रस्ताव रतन कुमार जिंदल ने रखा। कर्मचारियों को जनतांत्रिक राजनीतिक अधिकार देने बारे प्रस्ताव एसके सिंगला रिटायर कार्यकारी अभियंता ने रखा। बिजली संशोधन बिल को वापिस लेने बारे प्रस्ताव चांदराम ने रखा। समांवेशी विकास व सामाजिक न्याय बारे प्रस्ताव सुखदेव सिंह पालुवास ने रखा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 को रद्द करने का प्रस्ताव मा. सुमेर आर्य ने रखा। रोड ट्रान्सपोर्ट विधेयक व सार्वजनिक परिवहन के विस्तार बारे प्रस्ताव पवन शर्मा रोडवेज ने रखा।

# किसानों ने डीसी दरबार में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- गबन के बाद किसानों का लेनदेन प्रभावित

किसानों के खातों से एसबीआई कुंगड़ द्वारा कथित रूप से गबन करने के मामले को लेकर किसानों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलने के लिए यहां लघु सचिवालय पहुंचा। जहां पर किसान सभा के सदस्यों के साथ गांव कुंगड़, खेड़ी दौलतपुर, कुंगड भैणी सहित अन्य आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपायुक्त से मिले व उन्हें अपना शिकायत पत्र सौंपते हुए उक्त मामले को जल्द से जल्द निपटाएं जाने की मांग की। ग्रामीणों का प्रतिनिधित्व अखिल भारतीय किसान सभा से का. ओम प्रकाश, राजेश कुंगड़, सरपंच प्रतिनिधि नवीन, अमित सरपंच भैणी जाटान, सत्यवान बेनीवाल, मिलाप सिंह, सुरेंद्र बल्हारा पूर्व बीडीसी, दिलबाग गोयत कर रहे थे। गांव कुंगड़ के भारतीय स्टेट बैंक ने किसानों के केसीसी, बचत खाते व एफडी तक के खातों से गबन किया हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार ये राशि करोड़ों की है। गबन के बाद किसान का सारा लेनदेन प्रभावित हो गया है। किसी किसान का तीन लाख का केसीसी था तो उसकी बैंक ने लिमिट बढ़ाकर पांच लाख कर दी और पूरे पैसे भी बैंक खुद ही हड़प गया।



**भिवानी।** उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का स्वागत किया

# घर बैठे मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को क्षेत्र के गांव दरियापुर व ढाणी दरियापुर गांव में पहुंची। ग्रामीणों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया व एलईडी के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है।

अब गरीब नागरिकों को दफ्तर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि उनके घर द्वार पर ही कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन.धन खाता, हर घर नल से जलए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। पूर्व विधायक शशीरंजन परमार ने कहा कि गरीब नागरिकों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त करते हुए सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है। किसानों के लिए फसल बीमा योजना तथा किसान सम्मान निधि योजना लागू करके उनका आर्थिक उत्थान किया है।



**तोशाम।** भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाई गई स्टॉलों पर जानकारी लेते हुए।

## रक्तदान कर बचाई गर्भवती महिला की जान

**भिवानी।** रक्तदान से किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। आज इसी कडी मे भिवानी के एक निजी अस्पताल मे दाखिल भर्ती गर्भवती महिला के लिए बी पाजिटिव फ्रेश रक्त की आवश्यकता पडी तो सुचना मिलते ही सोनू कुमार निवासी गांव चांग ने रक्तदान कर गर्भवती महिला की जान बचाई। रक्तवीर राजेश डुडेजा ने युवाओं को बदलते समय के अनुसार मानव रक्त को समाज की बड़ी जरूरत बताया।

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत्
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।